# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 10 मार्च, 2021

----

**[सामान्य प्रशासन - राजस्व एवं भूमि सुधार - पर्यटन - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - सूचना एवं जनसम्पर्क - आपदा प्रबंधन - मंत्रिमंडल सचिवालय - निगरानी - निर्वाचन सूचना प्रौद्योगिकी ].**

Total Short Notice Question- 9

----

### शौचालय का निर्माण

*52 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **नगर विकास एवं आवास** be pleased to state:-

क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए सरकार द्वारा शौचालय बनाने का प्रस्ताव है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्रामीण क्षेत्र के हाट, बाजार, बस स्टैंड एवं शहरी क्षेत्र के कई स्थानों पर शौचालय की व्यवस्था बहुत ही कम है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में शौचालय नहीं रहने के कारण महिला सहित आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो ग्रामीण क्षेत्र के हाट, बाजार, बस स्टैंड में महिला सहित आम नागरिकों की कठिनाई को देखते हुए शौचालय बनाने का सरकार विचार रखती है?

----

## ट्रैफिक थाना खोलने पर विचार

***67 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **नगर विकास एवं आवास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, नगर विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी 38 जिलों में ट्रैफिक थाना खोलने का प्रस्ताव है, जिससे जाम से निजात दिलायी जा सके ;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के सभी 18 नगर निगम वाले शहरों में ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे;

(ग) क्या यह सही है कि पटना के अलावा राज्य में कहीं भी ट्रैफिक सिग्नल नहीं है, सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं और राजधानी में ट्रैफिक सिग्नल सीसीटीवी कैमरे लगभग वर्षों से खराब पड़े हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी जिलों में ट्रैफिक थाना खुलवाने के साथ 18 नगर निगम वाले शहर में ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे कबतक लगवाना चाहती है ?

----

## योजना कार्यान्वित नहीं

***102 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **नगर विकास एवं आवास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि वर्षों के बाद राजधानी पटना में जलजमाव के कारण पानी के प्रदूषित होने से अलग-अलग मुहल्लों में रहने वाले लोगों को गंदा पानी पीना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि पी.एच.ई.डी के पानी जांच केन्द्र में कराये गये टेस्ट में चौधरी टोला, टेकारी रोड एवं कंकड़बाग के डिफेंस कॉलोनी-स्थित पंप हाउस का पानी दूषित पाया गया, जिसको शुद्ध करने हेतु ट्रीटमेंट की योजना बनाई गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अब तक ट्रीटमेंट की यह योजना के कार्यान्वित नहीं होने का क्या औचित्य है?

----

## पटना को अतिक्रमण से मुक्त

*103 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

Will the **नगर विकास एवं आवास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि दिनांक 28 जनवरी 2021 को दैनिक समाचार-पत्र हिन्दुस्तान के पृष्ठ 09 पर छपे शीर्षक समाचार "सड़क-फुटपाथों पर बढ़ता जा रहा अतिक्रमण" (समाचार-पत्र की कतरन संलग्न) की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट हुआ है;

(ख) यदि खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार यह बताए कि समाचार-पत्र में छपे, पटना शहर की अतिक्रमण से बदहाल स्थिति के संबंध में अब तक कौन-सी कार्रवाई की गई है और भविष्य में पूरे पटना शहर को अतिक्रमण से मुक्त रखने के लिए सरकार ने क्या योजना बनायी है?

----

## स्मारक स्थल कब तक

*104 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **पर्यटन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि 15 सितम्बर 1942 को भोजपुर जिला के अगिआंव प्रखंड के ग्राम लसाड़ी में अंग्रेजों से लड़ते हुए देश की आजादी के लिए 12 क्रांतिकारी शहीद हो गये थे;

(ख) क्या यह सही है कि ग्राम लसाड़ी में 12 अमर शहीदों का स्मारक बना है जहां प्रति वर्ष 15 सितम्बर को राजकीय समारोह मनाया जाता है, लेकिन अभी तक उक्त स्थल का समुचित विकास नहीं हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार 12 अमर शहीदों के स्मारक स्थल को कब तक विकसित कराना चाहती है?

----

## पी.सी.सी. सड़क एवं भू-गर्भ नाला का निर्माण

*105 **श्री तनवीर अख्तर (विधान सभा):**

Will the **नगर विकास एवं आवास** be pleased to state :-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारी प्रखण्ड के एकता नगर मुहल्ला की मुख्य सड़क एवं रोड़ नं.- 1 एवं 2 में बरसात एवं आम दिनों में नाले का पानी सड़क पर गिरता रहता है;

(ख) क्या यह सही है कि सात निश्चय योजना लागू होने के बावजूद भी अब तक मुहल्ले की हालत काफी नारकीय स्थिति बनी रहती है;

(ग) क्या यह सही है कि सड़क एवं भू-गर्भ नाला के लिए कई बार स्थानीय पदाधिकारियों को लिखित सूचना भी दी गई है कि पूर्व मंत्री डॉ. शकील अहमद के घर से शिव मंदिर तक भू-गर्भ नाला एवं पी.सी.सी. सड़क का निर्माण किया जाए;

(घ) क्या यह सही है कि बरसात के दिनों में स्कूल जाने वाले बच्चे, बूढ़े एवं महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एकता नगर मुहल्ला के रोड़ नं.- 1 एवं 2 में पी.सी.सी. सड़क एवं भू-गर्भ नाला का निर्माण नवनिर्मित रॉयल अपार्टमेंट से पूर्व मंत्री डॉ. शकील अहमद के घर से होते हुए शिव मंदिर तक करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## मानदेय का पुनरीक्षण

*106 **Prof. Prof. Sanjay Kumar Singh ( Tirhut Teacher):**

Will the **General Administation** be pleased to state क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- (क) क्या यह सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक- 1003 दिनांक- 22.01.2021 की कंडिका 3 (1) के आलोक में बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी द्वारा विभिन्न विभागों, मुफ्फसिल कार्यालय आदि में कार्यरत कार्यपालक सहायक के मानदेय का पुनरीक्षण नहीं किया गया है; (ख) क्या यह सही है कि संकल्प में मानदेय का निर्धारण बाजार दर एवं सरकार में उपलब्ध समान/समकक्ष पद के प्रारंभिक स्तर का वेतन, महंगाई भत्ता एवं अन्य अनुमान्य भत्तों को मिलाकर समेकित रूप से प्राप्त योगफल के आधार पर करने का प्रावधान है; (ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड 'क' में वर्णित कार्यपालक सहायक के मानदेय का पुनरीक्षण कब तक सुनिश्चित करना चाहती है?

----

## कमरा एवं गैरेज का निर्माण

***107 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

Will the **नगर विकास एवं आवास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना नगर निगम के अन्तर्गत राजेन्द्र नगर मुहल्ला पी.आर.डी.ए. (विघटित) के एल.आई.जी., एम.आई.जी, एच.आई.जी. टाईप के फ्लैट आवंटी को लीज पर आवंटित किये गये हैं;

(ख) क्या यह सही है कि पाटलिपुत्रा पथ के मैक्डोवेल गोलम्बर के बगल में बने एल.आई.जी. फ्लैट वालों को परिवार बढ़ने एवं आए दिन बाईक एवं गाड़ी चोरी होने के कारण अपने खर्चे पर एक अतिरिक्त कमरा एवं गैरेज बनाने का आदेश दिया गया था;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अन्य एल.आई.जी. फ्लैट जे.एफ.- 1, एल.एफ.- 1, आई.जे. टाईप फ्लैटों का अपने खर्च पर एक कमरा एवं गैरेज देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## बाढ़ पीडि़त को अनुग्रह राशि

***108 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

Will the **आपदा प्रबंधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार प्राकृतिक आपदा यथा बाढ़ पीडि़त परिवारों को अनुग्रह सहायता राशि प्रदान करती है;

(ख) यदि खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार यह बतलायेगी कि वर्ष 2019 एवं 2020 में कितने बाढ़ पीडि़त परिवारों को अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई है?

----